राष्ट्रीय बालिका दिवस

केंद्रीय आलू अनुसंधान संस्थान, शिमला में दिनांक 24.1.2022 को राष्ट्रीय बालिका दिवस का आयोजन किया गया जिसमें संस्थान एवं इसके केन्द्रों पर कार्यरत सभी अधिकारी/कर्मचारी ऑनलाइन जुड़े । कार्यक्रम के दौरान संस्थान के निदेशक डॉ. नरेंद्र कुमार पांडे द्वारा राष्ट्रीय बालिका दिवस पर सभी को हार्दिक बधाई दी गई तथा वर्तमान परिपेक्ष में बालिका सशक्तिकरण पर बल देते हुए बालिकाओं की देश की उन्नति में भूमिका के सदर्भ में मार्गदर्शन किया। कार्यक्रम हेतु गठित समिति की अध्यक्षा डॉ. आरती बैरवा, वैज्ञानिक द्वारा विशेष लैक्चर दिया गया जिसमे उन्होने बालिकाओं के प्रति समाज में फैली कुरीतियों तथा उनके निवारण के लिए सरकार द्वारा उठाए गए कदमों के बारे में सम्मलेन कक्ष मैं उपस्थित व ऑनलाइन जुड़े अधिकारियों व कर्मचारियों को अवगत करवाया साथ ही सरकार द्वारा बालिकाओं की प्रगति के लिए चलाई जा रही विभिन्न योजनाओं तथा बालिका दिवस के माध्यम से हम किस -किस प्रकार से बालिकाओं के उत्थान हेतु कार्य कर सकते हैं इस पर भी प्रकाश डाला। समिति की अन्य सदस्य डॉ. सुमिता शर्मा तथा श्रीमती पूनम सूद द्वारा कार्यक्रम को सफल बनाने में पूर्ण सहयोग दिया गया ।